कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.05.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

Internet Addiction पर कार्यक्रम

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हेल्थ वेलनेस एवं कांउसिलिंग सेल के तत्वाधान में एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि इंटरनेट परस्पर जुड़े कम्प्यूटर नेटवर्कों की वैश्विक प्रणाली है जो नेटवर्क और उपकरणों के बीच संचार के लिए इंटरनेट प्रोटोकॉल सूट का उपयोग करती है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि इंटरनेट संचार सूचना प्राप्ति, ई-कॉमर्स, शिक्षा और मनोरंजन का प्रमुख माध्यम है, जो दुनिया भर में 24/7 निर्वाध रूप से उपलब्ध है परंतु इंटरनेट एडिक्शन एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें व्यक्ति ऑनलाईन गतिविधियों (सोशल मीडिया, गेमिंग) का उपभोग इस कदर बाध्यकारी रूप से करता है कि वह उनके दैनिक जीवन, काम और रिश्तों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने लगता है। यह मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है और व्यक्ति को आनलाईन दुनिया में डूबे रखता है। कु0 तबस्सुम अली ने इंटरनेट एडक्शन के लक्षण, प्रभाव और उपचार बताये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 संध्या सिंह यादव ने किया।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Internet Addiction पर कार्यक्रम